नगीना सिंह 06/021

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत


13 JAN 2021

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH BR 417762



# बाबू कामता सिंह एजूकेशनल ट्रस्ट

## ग्राम—बेलईसा, पोस्ट—पल्हनी, तहसील—सदर, जनपद—आजमगढ़ (उ0प्र0)

## न्यास विलेख

यह न्यास विलेख आज दिनांक 21.01.2021 को तहसील—सदर, जनपद—आजमगढ़ में श्री रामभवन सिंह उम्र तख0 44 वर्ष पुत्र श्री हरेन्द्र सिंह ग्राम—बेलईसा, पोस्ट—पल्हनी, तहसील—सदर, जनपद—आजमगढ़, उ0प्र0 द्वारा घोषित किया गया है, जिन्हे आगे न्यासकर्ता / संस्थापक कहा जायेगा, क्योंकि न्यासकर्ता संस्थापक के पास रूपया 10,000/— मात्र की राशि है। जिसे पुरूषार्थ एव सामाजिक कार्यो हेतु दान देने की इच्छा करते है। न्यासकर्ता / संस्थापक उक्त राशि को अप्रति न्यास बनाने हेतु इच्छुक है, जो समाज उत्थान एव विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करेगा।

ट्रस्ट का न्यासकर्ता ही मैनेजिंग ट्रस्टी होगा, जिसे आगे ट्रस्ट का प्रबन्धक कहा जायेगा। न्यासकर्ता / संस्थापक / प्रबन्धक की यह भी इच्छा है कि वह अपने विभिन्न श्रोतों से दान, अनुदान, उपहार, डोनेशन, ऋण, चन्दा आदि के द्वारा ट्रस्ट का कोष सम्पदा एव साधन को और बढ़ाया जा सके। ताकि ट्रस्ट अपने उद्देश्यों में प्रभावी रूप से सफल हो सके, और न्यासकर्ता / संस्थापक / प्रबन्धक ने अपनी इच्छा के अनुकूल रूपया 10,000/— नकद राशि ट्रस्ट को प्रदान की है।

राम भवन सिंह